दिनांक 5 जुलाई 2023

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर में हरियाली लाने किया जाएगा वृक्षारोपण, चलेगा वृहद अभियान, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। भिलाई शहर में हरियाली लाने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत 9 जुलाई से होगी, इस दिन अभियान चलाकर पौधे लगाए जाएंगे। वृक्षारोपण के लिए स्थल का चयन करते हुए सभी जोन क्षेत्रों में गड्ढे करना प्रारंभ कर दिया गया है। इस वर्ष 10000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों , अस्पताल परिसर, थाना परिसर, कॉलोनियों में, स्कूल परिसर में, तालाबों में, सड़क किनारे, उद्यानों में एवं रिक्त स्थानों आदि का चयन पौधारोपण के लिए किया गया है। नेशनल हाईवे के किनारे तथा सड़क किनारे एक थीम में प्लांटेशन लगाने की तैयारी की जा रही है। नगर पालिक निगम भिलाई की अपील है कि 9 जुलाई को रिक्त स्थानों पर पौधारोपण कर शहर में हरियाली लाने का प्रयास करें। पौधारोपण के साथ ही इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी आवश्यक है। इसके अलावा बैठक में आयुक्त ने वेंडिंग जोन की प्रगति, स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय की जानकारी, चौक चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री मितान योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धनवंत्री मेडिकल योजना, गोधन न्याय योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, बेरोजगारी भत्ता, सड़कों के मरम्मत की जानकारी, मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों की जानकारी, अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण आदि के संबंध में अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। आज की बैठक में जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले एवं खिरोद्र भोई, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, नोडल अधिकारी प्रीति सिंह एवं कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता तथा विभाग प्रमुख आदि मौजूद रहे।